C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com




सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 7:05 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 5:32 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 43 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 30 जुलाई 2024

कथित तौर पर कृति के धूम्रपान...पेज-3 पर

News कॉर्नर

### झारखंड रेल हादसे को लेकर ममता ने केंद्र को घेरा



**नई दिल्ली।** ममता बनर्जी ने कहा कि हर सप्ताह रेल हादसों की दुखद शृंखला सी चल रही है। रेलवे ट्रैक पर मौत और यात्रियों के घायल होने का यह सिलसिला कब तक चलेगा? हम इसे कब तक बर्दाश्त करेंगे? क्या भारत सरकार की संवेदनहीनता का कोई अंत नहीं होगा? देश में लगातार हो रहे रेल हादसों को लेकर विपक्ष ने केंद्र सरकार को घेरना शुरू कर दिया है। ममता बनर्जी ने एक्स पर पोस्ट किया कि आखिर भारत सरकार की संवेदनहीनता का अंत कब होगा? वहीं सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार रेल हादसों का रिकॉर्ड बना रही है। झामुमो और शिवसेना भी सरकार पर हमला किया।

### नाली से निकाला मलवा सड़क पर छोड़ा



**हल्द्वानी।** काठगोदाम में मल्ला ब्यूरा हीरागढ़ दिलीप सिंह को जाने वाले मार्ग में मलवा न हटाये जाने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों के अनुसार पिछले दिनों नाली से निकाला गया मलवा आदि सड़क पर ही रख दिया गया है। बरसात में इसके कारण हादसे का खतरा बना है। दरअसल जहां यह मलवा पड़ा है वह सड़क उतार-चढ़ाव वाली है। इस मामले में नगर निगम की लापरवाही उजागर हो रही है।

## उत्तरकाशी में बादल फटने से तबाही, आंखों के सामने बिखर गया सबकुछ

देहरादून
हमारे संवाददाता

उत्तरकाशी में बादल फटने की खबर सामने आई है। यहां नाकुरी गाड़ के बरसाली क्षेत्र में भारी नुकसान हुआ है। सिंगोट की भी कई जगहों पर लोगों के खेत बर्बाद हो गए। घरों में पानी भर गया। सुरक्षा दीवार बह जाने से गांव के लिए खतरा पैदा हो गया है।

गत रात्रि को भारी बारिश और बादल फटने की घटना से नाकुरी गाड़ ने बरसाली क्षेत्र में भारी नुकसान हुआ है। नाकुरी गाड़ में बाढ़ आने से ग्रामसभा सिंगोट, ग्रामसभा मांगली सेरा, ग्रामसभा बरसाली के नाकुरी में काश्तकारों को भारी नुकसान पहुंचा है।

लोगों के शौचालय, छानिया और घर क्षतिग्रस्त हो गए। मांगली सेरा, सिंगोट, मलान गांव, नाकुरी में गांव के सुरक्षा दीवार बह जाने से गांव के लिए खतरा पैदा हो गया है। सिंचाई विभाग और लघु सिंचाई विभाग की दर्जनों नहरें बाढ़ में बह जाने से सिंचाई की समस्या उत्पन्न हो गई है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से देहरादून, टिहरी, पौड़ी, हरिद्वार, अल्मोड़ा, बागेश्वर, पिथौरागढ़, चम्पावत, नैनीताल और ऊधमसिंह नगर जिले में भारी से भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। जबकि, अन्य जिलों में भी तेज गर्जन के साथ कई दौर की तेज बारिश होने की संभावना है।



### बारिश से राज्य में 131 मार्ग प्रभावित

**देहरादून।** राज्य में 131 मार्ग बंद हैं। इसमें सबसे अधिक पिथौरागढ़ और चमोली जिला प्रभावित हैं। पिथौरागढ़ जिले में दो बार्डर रोड और 21 ग्रामीण मार्ग बंद हैं। चमोली में 23 ग्रामीण मार्ग प्रभावित हैं। बागेश्वर में एक जिला मार्ग, दो मुख्य जिला मार्ग और 13 ग्रामीण मार्ग, उत्तरकाशी में एक राज्य मार्ग, एक मुख्य जिला मार्ग और सात ग्रामीण मोटर मार्ग और देहरादून में दो राज्य मार्ग, एक अन्य मार्ग और 15 ग्रामीण मार्ग बंद हैं।

सेना-एनडीआरएफ की टीमें जुटीं, मलबे से 100 से ज्यादा निकाले गए

## केरल में भूस्खलन के कारण सैकड़ों फंसे, 45 लोगों की मौत

नई दिल्ली/वायनाड
एजेंसी

केरल के वायनाड जिले में मेप्पाडी के पास पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन की खबर है। इस प्राकृतिक आपदा के कारण अबतक 45 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 70 घायल हुए हैं। वहीं सैकड़ों लोगों के फंसे होने की आशंका है। स्थानीय आपदा मोचन बल के जवान राहत और बचाव कार्य चला रहे हैं। बारिश के कारण कठिन चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

केरल के राजस्व मंत्री के. राजन के कार्यालय ने कहा, एनडीआरएफ, दमकल, पुलिस और राजस्व विभाग की टीमें मौके पर हैं। अब तक करीब 101 लोगों को बचाया जा चुका है। कलपेट्टा के बाथरी सेंट मैरी एसकेएमजे स्कूल में राहत शिविर बनाया गया है। मेडिकल टीम और एंबुलेंस मौजूद हैं। भोजन और कपड़ों की भी व्यवस्था की गई है। जानकारी सामने आई है कि मरने वालों की संख्या बढ़कर 45 हो गई है। एनडीआरएफ डीजी पीयूष आनंद ने कहा कि राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की एक टीम वायनाड भूस्खलन स्थल पर पहुंच गई है, जिसमें तीन और टीमें रास्ते में हैं। अब तक, उन्होंने 74 लोगों को निकाला है, 45 शवों को बरामद किया है और एक व्यक्ति को जीवित बचाया है। वायनाड में हुए भूस्खलन पर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा, आज सुबह एक प्राकृतिक हादसे के कारण वायनाड में बड़ी क्षति पहुंची है। अभी तक सूचना के हिसाब से बहुत बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी जान गंवाई है और कई लोग घायल हुए हैं। मैं पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं...घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने केरल के मुख्यमंत्री से बातचीत की है और केंद्र सरकार पूरी तरीके से केरल के लोगों के साथ है, जो भी आवश्यकता होगी केंद्र सरकार पूरी तरीके से उनकी मदद करेगी।



## परिवहन निगम की संपत्ति खुर्द-बुर्द की तो रोडवेज कर्मी करेंगे आंदोलन

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

**विरोध**
- उत्तराखंड रोडवेज संयुक्त मोर्चा की आपात बेठक में नैनीताल बस स्टेशन को बचाने की उठाई मांग

उत्तराखंड रोडवेज संयुक्त मोर्चा कुमाऊं क्षेत्र की आपात बैठक में उत्तराखंड परिवहन निगम की संपत्ति को खुर्द-बुर्द करने का पुरजोर विरोध किया गया। उनका कहना था कि नैनीताल बस स्टेशन को सौंदर्यीकरण के बाद अन्य हाथों में सौंपने की तैयारी की जा रही है।

रोडवेज स्टेशन में हुई बैठक में वक्ताओं ने कहा कि नैनीताल बस स्टेशन को बचाने के लिए आंदोलन किया जाएगा। इसके तहत पहले चरण में जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा जाएगा। इसके बावजूद निगम हित में सकारात्मक निर्णय न लिया गया तो रोडवेज कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के बैनर तले रैली, धरना-प्रदर्शन व कार्य बहिष्कार के लिए बाध्य होंगे। जंगलवा आदि मौजूद थे। इस बीच रोडवेज कर्मियों ने बताया कि नैनीताल जिला विकास प्राधिकरण को बस स्टेशन सौंदर्यीकरण के लिए शर्तो के साथ हस्तांतरित किया गया था लेकिन अब इसे अन्य सौंपा जा रहा है।

बैठक में लीला बोरा, आन सिंह जीना, मुकेश वर्मा, नवनीत कपिल, नवीन लोहनी, चंद्रशेखर शर्मा, जगदीश कांडपाल, हरीश पाठक, रचना बिष्ट, योगेश जोशी, मो.कतील, विजय अधिकारी, जगमोहन, राकेश सिंह, महेश दफौटी, राजेश पांडे, नितिन दीक्षित, सत्यप्रकाश, पूरन राणा, अमित जंगवाल आदि मौजूद थे।



## हावड़ा से मुंबई जा रही ट्रेन के 18 डिब्बे पटरी से उतरे दो की मौत, 20 घायल

झारखंड
एजेंसी

झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले में मंगलवार तड़के ट्रेन नंबर 12810 मुंबई-हावड़ा मेल के 18 डिब्बे पटरी से उतर गए। घटना में दो लोगों की मौत की खबर है। वहीं, 20 यात्री घायल हो गए। कुल घायलों में पांच लोगों को हल्की चोटें आई हैं और उनका घटनास्थल पर ही इलाज कर दिया गया। हालांकि, कुछ यात्रियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हावड़ा से सोमवार रात को निकली यह ट्रेन मंगलवार तड़के ही हादसे का शिकार हुई। चक्रधरपुर रेलवे संभाग के पीआरओ ने बताया कि यात्रियों को रवाना करने के लिए ट्रेन का इंतजाम किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना जमशेदपुर से करीब 80 किलोमीटर दूर बड़ाबांस के पास सुबह 3 बजकर 45 मिनट पर हुई। यह जगह पश्चिमी सिंहभूम के काफी करीब है। बड़ाबांस के पास मुंबई-हावड़ा मेल के 22 में से 18 डिब्बे पटरी से उतर गए। इनमें बी4 डिब्बे में एक यात्री की मौत हुई है। वहीं, इसी कोच में एक अन्य शख्स के फंसे होने की बात सामने आ रही है। बताया गया है कि कुल 16 यात्री डिब्बे थे, एक पैंट्री कार थी, जबकि एक पावर कार थी। घायलों को बड़ाबांस में चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई गई।



## राज्य में आईएएस की तर्ज पर होगा वित्तीय अफसरों का प्रशिक्षण

देहरादून
हमारे संवाददाता

सरकार ने वित्त सेवा संवर्ग में भी सेवाकाल में प्रशिक्षण का प्रावधान किया। इस हिसाब से वित्त विभाग ने पाठ्यक्रम तैयार कर दिया है। राज्य के वित्तीय अफसरों का अब केवल भर्ती के समय ही नहीं बल्कि पदोन्नति के साथ ही प्रशिक्षण होगा। शासन ने वित्तीय सेवा संवर्ग के अफसरों का प्रशिक्षण पाठ्यक्रम जारी कर दिया है। पहली बार वित्त के अफसरों को सेवाकाल में राज्य के अलावा विदेशों में भी प्रशिक्षित करने की तैयारी की जा रही है।

अपर मुख्य सचिव वित्त आनंदबर्द्धन की ओर से प्रशिक्षण पाठ्यक्रम जारी किया गया है। दरअसल, अभी तक उत्तराखंड वित्त सेवा संवर्ग के अफसरों के लिए भर्ती के समय ही नौ माह का प्रशिक्षण कोर्स होता था। चूंकि वित्त क्षेत्र में भी निरंतर नए बदलाव आते रहे हैं। लिहाजा, सरकार ने वित्त सेवा संवर्ग में भी सेवाकाल में प्रशिक्षण का प्रावधान किया। इस हिसाब से वित्त विभाग ने पाठ्यक्रम तैयार कर दिया है। अब पंडित दीनदयाल उपाध्याय वित्तीय प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान सुद्धोवाला इसे धरातल पर उतारने में जुट गया है। इसके तहत नौ माह के शुरुआती प्रशिक्षण के बाद जैसे-जैसे वित्तीय अफसरों की पदोन्नति होगी, वैसे ही उन्हें कोर्स करने होंगे। ये कोर्स सुद्धोवाला स्थित संस्थान, राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों के अलावा अंतरराष्ट्रीय स्तर के संस्थानों में भी कराए जाएंगे।

### शासन ने जारी किया पाठ्यक्रम



### पदोन्नति के बाद ये पाठ्यक्रम

सीनियर स्केल ग्रेड-2, पे-लेवल 11 और सीनियर स्केल ग्रेड-1 पे लेवल-12, तीन साल की सेवा के बाद = तीन सप्ताह का कोर्स, जिसमें दो सप्ताह का कोर्स सुद्धोवाला स्थित संस्थान में और एक सप्ताह का कोर्स किसी प्रतिष्ठित संस्थान में। सेलेक्शन ग्रेड पे लेवल 13 पर = दो सप्ताह की ट्रेनिंग, जिसमें एक सप्ताह सुद्धोवाला स्थित संस्थान में और एक सप्ताह किसी प्रतिष्ठित संस्थान में। स्पेशल स्केल पे लेवल 13 ए में दो साल पूरे होने और सुपर टाइम स्केल पे लेवल-15 पर, 10 दिन का कोर्स, जिसमें छह दिन सुद्धोवाला संस्थान में व चार दिन किसी प्रतिष्ठित संस्थान में।

# मेनु शिविर की गतिविधियों के विषय में चर्चा

नैनीताल

हमारे संवाददाता




जिला मुख्यालय नैनीताल में चल रहे एनसीसी कैडेटों के दस दिनी मोस्ट एंटर प्राइसिंग नेवल यूनिट (मेनु) शिविर में सोमवार को नैनीताल विधान सभा की विधायक सरिता आर्या द्वारा कैडेट्स को संबोधित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। उन्होंने कैडेट्स से बातचीत की और उनसे मेनु शिविर की विभिन्न गतिविधियों के विषय में चर्चा की।

उन्होंने कैडेट्स का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि एनसीसी का हिस्सा बनना एक बडी बात है और यह हमारे देश के प्रति आपके समर्पण और प्यार को दर्शाता है। एनसीसी कैडेट के रूप में आपका प्रत्येक दिन विकास का दिन है,कहा कि अनुशासन, टीम वर्क और नेतृत्व जैसी चीजें जो आप यहां सीखते हैं वह आपको जीवन में मदद करेंगी चाहे आप कुछ भी करना चाहें। इससे पूर्व कमांडिंग आफिसर कैप्टन चंद्र विजय नेगी ने विधायक को एनसीसी का प्रतीक चिन्ह भेंट किया।

इससे पूर्व कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के एनसीसी अधिकारी सब ले. डॉ. रीतेश साह ने विधायक सरिता आर्या का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इस दस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स दस दिनों की अवधि में कैडेट्स 280 किलोमीटर से अधिक की दूरी नौकायन व पाल नौकायन के माध्यम से पूरी करेंगे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में है एनसीसी की 3 व्हेलर्स नौकाओं तथा 2 एंटरप्राइस नौकाओं के माध्यम से इस लक्ष्य को पूर्ण किया जाएगा, शिविर में 25 बालिका कैडेट्स सहित कुल 60 कैडेट्स प्रतिभाग कर रहे हैं। दूसरी ओर एनसीसी कैडेट्स ने चल रहे शिविर में सोमवार को 230 किमी की सराहनीय दूरी तय कर ली है,दूसरी ओर सोमवार को ही शेष कैडेट्स द्वारा सैनिक स्कूल घोडखाल में ऑब्स्टेकल ट्रेनिंग को पूर्ण किया गया। इस दौरान भारतीय नौ सेना के चीफ इंस्ट्रक्टर अंकुर यादव, कौशिश मौर्य, मुकेश आर्य, राजेश गुर्जर, कर्मबीर, रवींद्र गिरी व मंजीत उपस्थित थे।

# वरिष्ठ अधिवक्ता एल. पी. नैथानी का दुबई में निधन

नैनीताल

हमारे संवाददाता



वरिष्ठ अधिवक्ता व दो बार उत्तराखंड हाईकोर्ट में महाधिवक्ता रहे एल. पी. नैथानी(93) का विगत दिवस दुबई में निधन हो गया। उनका दाह संस्कार उत्तराखंड में ही होगा फिलहाल दुबई से उनके पार्थिव शरीर को भारत लाने की तैयारी की जा रही है।

बता दें कि स्वर्गीय एल. पी. नैथानी की पढ़ाई इलाहाबाद से हुई और वर्ष 1953 में उन्होंने एलएलबी की डिग्री हासिल की और वर्ष 1959 में बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश पंजीकृत हुए थे, वह संविधान के विशेष ज्ञाता थे और कई विभागों व संस्थानों के अधिवक्ता रहे। उत्तराखंड आंदोलन के दौरान हुए मुजफ्फरनगर कांड के पीडितों को मुवावजा दिलाने व इस प्रकरण की इलाहाबाद हाईकोर्ट से सीबीआई से जांच के आदेश कराने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका थी। वह पर्यावरण, कानून तथा मानवाधिकार कानून और सामाजिक मुद्दों के विद्वान थे साथ ही एक अच्छे खिलाड़ी भी थे। उन्हें राज्य सरकार की अधिसूचना 29 नवंबर 2000 के माध्यम से उत्तराखंड राज्य के पहले महाधिवक्ता के रूप में नियुक्त किया गया था और उन्होंने 5 अप्रैल 2002 तक इस पद के कर्तव्यों का पालन किया। 12 मार्च 2007 को अधिसूचना के माध्यम से उन्हें फि र से राज्य के महाधिवक्ता के रूप में नियुक्त किया गया और 15 जनवरी 2010 तक इस पद पर रहे।

उन्होंने अपनी लाइब्रेरी की समस्त कानूनी व अन्य पुस्तकें हाईकोर्ट बार को दान कर दी थी। उनके निधन पर हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया है।



# पौधरोपण के माध्यम से स्वर्गीय बिष्ट को याद किया

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर के प्रतिष्ठित ताल चैनल के डायरेक्टर रहे स्वर्गीय दीपक बिष्ट जन्मदिन पर सोमवार को पवित्र हनुमानगढ़ी मंदिर के समीप पार्क में वन विभाग के सहयोग से पौधारोपण किया। पौधरोपण के माध्यम से स्वर्गीय बिष्ट को याद किया गया।

इस दौरान मौजूद ताल चैनल परिवार के सदस्यों ने कहा कि स्वर्गीय बिष्ट भले ही आज हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनके कार्यों को आजीवन याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चैनल के माध्यम से उन्होंने समाज के हर वर्ग को जोडने का काम किया था। इस मौके पर स्वर्गीय बिष्ट की पत्नी शालिनी बिष्ट समेत ताल चैनल परिवार के संस्थापक मारुति नंदन साह व ईशा साह,सांसद प्रतिनिधि गोपाल सिंह रावत,नगर पालिका वन रेंज के वन क्षेत्राधिकारी प्रमोद कुमार तिवारी तथा मुकुल शर्मा,वन दरोगा संतोष जोशी,संतोष गिरी व विमला नगरकोटी के साथ ही निमित दानू आदि मौजूद थे।

# 05 अगस्त तक हाई एल्टीट्यूड कुश्ती प्रशिक्षण का आयोजन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल परिसर में भारतीय नौसेना द्वारा दिनांक 29 जून 2024 से 05 अगस्त 2024 तक हाई एल्टीट्यूड कुश्ती प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण में अधिकाशं अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। नौ सेना द्वारा 60 से अधिक खिलाडियों को एक साथ कुश्ती की ट्रेनिंग दी जा रही है।

बता दें कि पेरिस ओलम्पिक 2024 में देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए जाने वाले प्रतिभागियों में चीफ पैटी ऑफीसर रितिका एवं उनके व्यक्तिगत कोच के तौर पर कुलदीप को ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी की ओर से शुभकामनाएं दी गईं एवं विजय की कामना करते हुये उनका हौसला बढ़ाया गया। इस अवसर में ग्राफिक एरा ग्रुप के अध्यक्ष प्रो0 डॉ0 कमल घनशाला ने सभी प्रतिभागी खिलाडियों को आगे आने वाली प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दी तथा खिलाडियों को उत्साहवर्धन किया। परिसर के निदेशक कर्नल प्रो0 अनिल कुमार नायर से0नि0 के द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण शिविर में जरूरत के अनुसार सभी सुविधायें उपलब्ध करवायी गई हैं।



## NEWS / फटाफट

### सेंट लॉरेंस स्कूल में छात्र कैबिनेट तथा इंटरेक्ट क्लब का गठन



**हल्द्वानी।** सेंट लॉरेंस स्कूल में सत्र 2024 -2025 के लिए छात्र कैबिनेट एवं इंटरेक्ट क्लब का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पुलिस उपाधीक्षक नितिन लोहनी, गेस्ट ऑफ ओनर अध्यक्ष रोटरी क्लब हल्द्वानी अनिल कर्नाटक, पूरन सिंह पपोला सचिव रोटरी क्लब हल्द्वानी, रोटेरियन ललित मोहन भट्ट, रोटेरियन नवीन पांडे, रोटेरियन प्रवींद्र सिंह रौतेला प्रधानाचार्य सिंथिया स्कूल हल्द्वानी की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि, गेस्ट ऑफ ओनर, विद्यालय चेयरमैन एवं डी आई सी सी अनिल जोशी, विद्यालय डायरेक्टर सुनील जोशी, प्रधानाचार्या अनीता जोशी, उपप्रधानाचार्य भुवनेश कर्नाटक एवं सभी रोटेरियन सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलन और गणेश स्तुति के साथ किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या अनिता जोशी ने सभी मेहमानों का उत्साह पूर्वक स्वागत करने के साथ हेड बॉय दीपक बिष्ट एवं हेड गर्ल कनिका बाजपेई के साथ समस्त स्कूल कैबिनेट को उनके पद की शपथ दिलाई।

### एक अदद चाकू समेत युवक पकड़ा

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा थाना पुलिस ने गौजाजाली के पास से एक युवक को चाकू के साथ धर दबोचा। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया गया। थाना वनभूलपुरा पुलिस गौजाजाली क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान गौजाजाली की ओर जाने वाले रास्ते पर एक युवक ट्रक की आड़ में खड़ा था। युवक की तलाशी लेने पर उसके पास से एक अदद चाकू बरामद किया गया। पूछताछ पर उसने अपना नाम सफायत अली पुत्र रियासत अली निवासी वार्ड नंबर 34 इन्द्रानगर बताया। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश करने की तैयारी चल रही थी।

### पुलिस के हत्थे चढ़ा सटोरिया

**हल्द्वानी।** मंगलपड़ाव चौकी पुलिस ने युवक युवक को सट्टेबाजी करते हुए धर दबोचा। उसके पास से सट्टा पर्ची और नगदी बरामद हुई है। उसके खिलाफ गैंबलिंग एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। मंगलपड़ा चौकी पुलिस को गश्त के दौरान सूचना मिली कि अंबेडकर नगर के पास एक युवक सट्टे की खाईबाड़ी कर रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को धर दबोचा। उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से 1060रूपए की नगदी और सट्टा पर्ची बरामद हुई है।

### 52 पव्वे शराब समेत युवक गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** मल्ला काठगोदाम चौकी पुलिस ने एक युवक को अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। उसके पास से 52 पव्वे अंग्रेजी शराब के बरामद हुए हैं। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मल्ला काठगोदाम चौकी पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्त काठगोदाम पुरान चुंगी के पास शराब लेकर जा रहा है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को धर दबोचा। पूछताछ पर आरोपी ने अपना तरनप्रीत सिंह निवासी गुलाटी वाली गली तिकोनिया बताया।

### दुर्घटना के आरोपी कैंटर चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**हल्द्वानी।** टैंपो में टक्कर मारने के आरोपी कैंटर चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस में तहरीर दी गई है। लाइन नंबर 6 आजादनगर हाल उत्तर उजाला निवासी मो. आदिल पुत्र मो. युसूफ ने पुलिस तक दी तहरीर में कहा है कि उसके चाचा 2प0 साल टैंपो चलाने का काम करते हैं। 26 जुलाई को वह टैंपो लेकर लालकुंआ की ओर जा रहे थे तभी लालकुआं दुग्ध संघ के कैंटर ने उनके टैंपो में टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से धायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां पर उन्होंने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# कुमाऊं आयुक्त ने किया मल्लीताल क्षेत्र में निरीक्षण

नैनीताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने सोमवार को नैनीताल नगर के मल्लीताल स्थित कैपिटल सिनेमा के आसपास के इलाकों का गहनता से निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने कैपिटल सिनेमा के हुए लीज के शर्तों की जानकारी, दस्तावेज और उल्लघंन करने पर होने वाली कार्रवाई की जानकारी प्राप्त की। कहा कि नियमों का उल्लघंन पर कार्रवाई की जाएगी। आयुक्त रावत ने दुकानों के आवेदन,नक्शे और कैपिटल के हिस्से का निरीक्षण भी किया। उन्होंने कैपिटल सिनेमा के इंट्री और एग्जिट करें द्वार का निरीक्षण किया।

एग्जिट द्वार में निरीक्षण के दौरान उन्होंने छत को बेहतर बनाने और विद्युत आदि की बेहतर व्यवस्था करने के निर्देश दिए साथ ही सिनेमा हाल के अंदर अवैध तरीके से रखे सामनों को जल्द



**निरीक्षण**

- अवैध तरीके से रखे सामनों को जल्द हटाने को कहा

हटाने को कहा। उन्होंने सिनेमा हाल के अंदर शर्तो के तहत किसी दुकान या अन्य सामान नहीं रखने के निर्देश दिए। कहा कि ऐसा पाने पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने सिनेमा और अन्य जगहों में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त के साथ जिला प्रशासन व पालिका के अधिकारी मौजूद रहे।

# अभिमत

## गिरफ्तारी काफी नहीं

*फलस्तीनी झंडा फहराने वालों को गिरफ्तार करना काफी नहीं है। यह सीधे-सीधे देशद्रोह और साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का मामला है। लोकसभा चुनाव के बाद संसद सत्र के दौरान समुदाय विशेष के एक नवनिर्वाचित सदस्य ने शपथ लेकर जय फलस्तीन का नारा दिया। उस सांसद को तत्काल गिरफ्तार कर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाती और उसकी सदस्यता खत्म की जानी चाहिए थी, यदि संविधान में ऐसा प्रावधान नहीं है तो सभी पार्टियों को एकमत होकर संविधान में संशोधन करना चाहिए।*

बिहार के नवादा में मुहर्रम के जुलूस में फलस्तीनी झंडा फहराने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। समुदाय विशेष की आस्था के कार्यक्रम को राजनीतिक मुद्दा बनाने वालों को धर्म, जाति और दलगत राजनीति से हटकर निंदा करनी चाहिए। फलस्तीनी झंडा फहराने वालों को गिरफ्तार करना काफी नहीं है। यह सीधे-सीधे देशद्रोह और साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का

मामला है। लोकसभा चुनाव के बाद संसद सत्र के दौरान समुदाय विशेष के एक नवनिर्वाचित सदस्य ने शपथ लेकर जय फलस्तीन का नारा दिया। उस सांसद को तत्काल गिरफ्तार कर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाती और उसकी सदस्यता खत्म की जानी चाहिए थी, यदि संविधान में ऐसा प्रावधान नहीं है तो सभी पार्टियों को एकमत होकर संविधान में संशोधन करना चाहिए। लोकसभा और विधानसभा चुनाव में निर्वाचन क्षेत्र और देश व जनहित के मुद्दों की कमी नहीं है। सत्तारूढ़ पार्टी के प्रत्याशियों के खिलाफ विपक्ष नीतिगत मुद्दे उठाता है। विदेश के झंडे अथवा समस्या मुद्दा नहीं होता है। इजरायल और फलस्तीन का मामला दशकों से चल रहा है। संयुक्त राष्ट्र संगठन (यूएनओ) में मामला उठता रहा है। यूएनओ में भारत के प्रतिनिधि अपना पक्ष रखते रहे हैं। भारत में चाहे किसी भी पार्टी की सरकार रही हो, विदेश नीति में खास बदलाव नहीं आता है। फलस्तीन के मामले में भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोई परिवर्तन नहीं किया है। भारत की नीति हमेशा से किसी देश के आंतरिक मामले में हस्तक्षेप की नहीं रही है। भारत की वर्तमान सरकार ने इजरायल और फलस्तीन से युद्ध बंद करने की अपील की। इससे पहले रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध में भी भारत ने दोनों देशों से शांति कायम करने को कहा था। फलस्तीन और इजरायल के युद्ध को समुदाय विशेष से जोड़कर नहीं देखना चाहिए। समुदाय विशेष के सांसद को भारत के मतदाताओं ने चुना है। फलस्तीन के लोग उन्हें वोट देने नहीं आये थे। बिहार में फलस्तीन का झंडा फहराने वालों को समुदाय विशेष के कार्यक्रम के आयोजकों को दंडित करना चाहिए। कार्यक्रम में साम्प्रदायिक माहौल बिगाड़ने वाले अपने धर्म के लिए भी हितकर नहीं हैं। दूसरे देश के विवादित मामले में संसद के अंदर जयकार करने वाले को फिलहाल छोड़ दिया गया। भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए कानून बनाया जाना चाहिए। फलस्तीन में जिस धर्म के लोगों का बाहुल्य है, उस धर्म के लोग अन्य देशों में भी हैं। उन देशों के लोग अपने यहां माहौल क्यों खराब नहीं कर रहे हैं। भारत में समुदाय विशेष सबसे अधिक सुरक्षित और सबसे ज्यादा सरकारी सुविधाभोगी है, इसीलिए देशद्रोह पर उतारू है।

# नियमितिकरण की मांग को धरना प्रदर्शन जारी

**देहरादून/नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



नियमितिकरण की एक सूत्रीय मांग को लेकर संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के कर्मचारियों का देहरादून मुख्यालय में सोमवार को 28वें दिन भी धरना प्रदर्शन जारी रहा। इस दौरान महासंघ के पदाधिकारियों की सचिव पर्यटन सचिन कुर्वे से वार्ता हुई। इस दौरान महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने उन्हें पौधे के साथ मांग पत्र सौंपा।

गुरुरानी के मुताबिक वार्ता के दौरान पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे ने कहा कि शासन से नियमितीकरण नियमावली जारी होते ही दोनों निगमों के कर्मचारियों का प्राथमिकता से नियमितिकरण प्रारंभ कर दिया जाएगा। निगम स्तर की समस्याओं के संबंध में उन्होंने शीघ्र निस्तारण का आश्वासन भी दिया जबकि कुमाऊं मंडल विकास निगम के कर्मचारियों के वेतन बढ़ोतरी के साथ अन्य प्रकरणों पर उन्होंने प्रबंध निदेशक कुमाऊं मंडल विकास निगम से उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया वहीं गढ़वाल मंडल विकास निगम के अग्रिम आदेश में कार्य कर रहे दैनिक वेतन कर्मचारियों के प्रकरणों को लेकर गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रबंध निदेशक से उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

गुरुरानी ने कहा कि नियमितीकरण होने तक उनके कार्यक्रम जारी रहेंगे। इसी क्रम में सोमवार को 28वें दिन भी देहरादून स्थित एकता बिहार में धरना जारी रहा। धरने से पूर्व पदाधिकारियों ने परिसर में पौधारोपण किया। उन्होंने कहा कि आज भी कुमाऊं मंडल व गढ़वाल मंडल विकास निगम के कर्मचारियों ने समूचे उत्तराखंड में स्थित अपनी इकाइयों के परिसरों में सैकड़ों पौधों का रोपण किया वहीं वृहद स्तर पर सफ ई अभियान भी चलाया साथ ही कर्मचारियों ने विभिन्न माध्यमों से मांग को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। पर्यटन सचिव से हुई वार्ता में महासंघ के महामंत्री कंचन चंदोला, रमेश कपकोटी, गौतम कुमार, पीतांबर दुमका, वेद प्रकाश, पदम सिंह, नरेंद्र थापा तथा महेश कुमार दास उपस्थित रहे।

## बंद पड़ी सभी लाईटों को ठीक करने की उठाई मांग

**नैनीताल।** बेरोजगार संघ के अध्यक्ष व सामाजिक कार्यकर्ता पूरन चंद्र बृजवासी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका उदय वीर सिंह से तत्काल नगर अंतर्गत बंद पड़ी सभी लाईटों को ठीक कर जलाने को कहा है। कहा कि भीमताल झील किनारे नगर पंचायत कार्यालय से डैम होते हुए दीन दयाल पार्क झील के चारों ओर 3 साल पूर्व नगर बोर्ड में मनमानी प्रस्ताव के बाद महंगी बेकार बिन प्रकाशमय बिना सोचे समझे सिर्फ अपने फायदे को देखते ये लाइट लगवा दी जो 2 साल में ही मटर मालाए अधजलीए बंद पड़ी सिर्फ शोपीस रह गई हैं। उन्होंने कहा अभी हाल में कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत जी ने जिले के शहरों की स्ट्रीट लाइट का मामला संज्ञान भी लिया है और अधिकारियों को शक्त निर्देश भी दिए हैं किन्तु यहां नगर प्रशासन को इसकी भनक भी नहीं और ये बिना लाइट के पोल सोफिस बना रखें। मांग करने वालों में प्रेम सिंह कुल्याल, कमल पाठक, कौशल पांडेय, शुभम प्रधान, देव पलड़ीया, किशोर कुमार तथा अनिल सिंह व दिनेश कुमार शामिल रहे।

## गुस्साए कर्मचारियों ने प्रांतीय खंड व निर्माण खंड के अधिशासी अभियंताओं को ज्ञापन सौंपा

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**




उत्तराखंड नियमित वर्कचार्ज संघ लोक निर्माण विभाग के आह्वान पर लोनिवि के कर्मचारियों ने सोमवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक कर्मचारियों की आठ सूत्रीय ज्वलंत समस्याओं का समाधान नहीं होने के विरोध में अधिशासी अभियंता दफ्तर के समक्ष दिनभर नारेबाजी कर धरना दिया। बाद में गुस्साएं कर्मचारियों ने प्रांतीय खंड व निर्माण खंड के अधिशासी अभियंताओं को ज्ञापन सौंपकर जल्द समस्याओं के समाधान की मांग की।

कर्मचारियों ने कहा कि उन्हें शासनादेशों के आधार पर वर्दी, जूता,मोजा तथा छाता शीघ्र दिया जाए,हर वित्तीय वर्ष की समाप्ति के बाद जीपीएफ स्लिप मुहैया करायी जाए,वर्कचार्ज व दैनिक वेतन भोगी कर्मियों के मृतक आश्रितों को हाईकोर्ट के 22 फरवरी 2024 के आदेश के क्रम में विनियमितिकरण किया जाए। इसके साथ ही अनुरक्षक से वरिष्ठ अनुरक्षक के रिक्त पदों पर शैक्षिक योगयता के आधार पर पदोन्नति देने, कार्यस्थलों में कर्मियों के लिए उपकरणों की व्यवस्था कराने, सेवानिवृत्त कर्मचारियों/ कार्यरत कर्मचारियों जिनका स्थानान्तरण हो जाता है लेकिन वह अपने आवासों को खाली नहीं कराते हैं उन्हें खाली कराकर जरुरतमंद कर्मियों को दें।

इसके साथ ही संघ भवन के क्षतिग्रस्त दरवाजे को ठीक कराने तथा शासनादेशों के आधार पर कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए हर तिमाही में ग्रीवान्स बैठक का विशेष आयोजन करने की गुजारिश की। इस मौके पर संघ के जिलाध्यक्ष हिमांशु पाण्डेय, अध्यक्ष महेंद्र सिंह बिष्ट,सचिव आनंद सिंह खनायत,मुख्य संयोजक महेंद्र सिंह बिष्ट समेत गिरीश चंद्र जोशी,ललित त्रिपाठी,ठाकुर सिंह,रमेश चंद्र,राजू शर्मा,गोविन्द सिंह ढैला,खीमा नंद,महेंद्र लाल,ख्याली दत्त,गोपाल राम,प्यारे लाल,तारा सिंह,किशन सिंह,इंद्र लाल,पद्म सिंह,कैलाश चंद्र,हेमा देवी,तारी देवी,दीवान सिंह नेगी समेत दर्जनों आंदोलित कर्मी मौजूद रहे।

# फिल्मी दुनिया

## कथित तौर पर कृति के धूम्रपान की वीडियो पर मचे बवाल के बीच



*कृति सैनन बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री की जानी-मानी अभिनेत्री हैं। वह अक्सर अपनी फिल्मों की वजह से चर्चा में रहती हैं। हालांकि, इन दिनों वह किसी और वजह से सुर्खियों में आ गई हैं। कथित तौर पर ग्रीस में अभिनेत्री का सिगरेट पीते हुए एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। रेडिट पर वायरल हुए इस वीडियो मे कहा जा रहा है कि वह अपने कथित प्रेमी कबीर बहिया के साथ हैं। अभिनेत्री का कथित तौर पर धूम्रपान करते हुए यह वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। लोग इसे लेकर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। इस बीच कृतिकी मां गीता सैनन का एक पुराना पोस्ट भी वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने साफ-साफ दावा किया था कि उनकी बेटी धूम्रपान नहीं करतीं। साल 2017 में कृति सैनन अपनी फिल्म बरेली की बर्फी की शूटिंग कर रही थीं। इस दौरान उनकी एक तस्वीर वायरल हुई थी, जिसमें वह धूम्रपान करती नजर आ रही थीं। उस वक्त अभिनेत्री के एक फैन पेज ने ये साफ किया था कि वह अपनी फिल्म के किरदार के लिए ऐसा कर रही हैं। वह वास्तव में धूम्रपान नहीं करतीं। फैन पेज के इस पोस्ट पर कृति की मां गीता सैनन ने भी प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि कृति हमेशा से धूम्रपान के खिलाफ रही हैं और अपने आसपास के लोगों को भी इसे छोड़ देने की सलाह देती रही हैं।*

### आधिकारिक टिप्पणी नहीं

*अब अभिनेत्री के धूम्रपान करने की कथित वीडियो के सामने आने के बाद लोग इस पोस्ट पर काफी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। सोशल मीडिया पर कुछ लोग ये दावा कर रहे हैं कि अभिनेत्री ने हाल में ही अपने कथित ब्वॉयफ्रेंड कबीर बहिया और बहन नुपुर सनोन के साथ अपना जन्मदिन मनाया है। हालांकि, इन अफवाहों पर कृति और कबीर की तरफ से कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की गई है। हम इस कथित वीडियो के दावे की पुष्टि नहीं करता।*

## सीआरएसटी इंटर कालेज के छात्रों ने किया वृहद पौधरोपण

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

सीआरएसटी इंटर कालेज के छात्रों द्वारा पिटरिया कंपार्टमेंट नंबर- 26 में वृहद पौधरोपण कर पुनीत कार्य किया। कालेज प्रशासन को वन विभाग नैनीताल के सहयोग से बांज, तिलौज, पया तथा रीठा आदि के पौधे मुहैया कराए गए थे। विद्यालय के कक्षा 11 तथा 12वीं के छात्रों द्वारा पौधे लगाए गए। वन विभाग के कर्मचारी भरत गुसाई कालाकोटी द्वारा विद्यालय को काफ ी सहयोग दिया गया। बता दें कि पूर्व में भी विद्यालय परिवार की ओर से इसी क्षेत्र मे लगभग 20 वर्षो से पौधरोपण किया जाता रहा है,परिणाम स्वरूप इस क्षेत्र में काफ ी अच्छी हरियाली व पेड़ पौधे विकसित हुए हैं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मनोज कुमार पांडे समेत वरिष्ठ गुरुजन डॉ. एस.एस. बिष्ट,शैलेंद्र चौधरी, ललित सिंह जीना तथा रितेश साह आदि उपस्थित थे। खास बात यह रही कि विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य मोहन लाल साह द्वारा विशेष सहयोग प्रदान कर विद्यालय द्वारा की गयी पहल की सराहना भी की गयी।



## News कॉर्नर

### महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में खाया जहरीला पदार्थ, मौत



**रुद्रपुर।** कोतवाली क्षेत्र भगवानपुर कोलडिया में किराए पर रह रही महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में तबियत बिगड़ गई। उसे आनन-फानन में अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला के किसी जहरीले पदार्थ का सेवन करने की बात सामने आ रही है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस के मुताबिक भगवानपुर कोलडिया निवासी हरीश बिष्ट के मकान में पिंटू पत्नी विमला और दो बच्चों के साथ किराए पर रहता है। पति पिकअप चलाता है। वह सोमवार खाना खाकर वाहन लेकर चला गया। दोपहर को उसकी पत्नी की संदिग्ध परिस्थितियों में तबियत बिगड़ गई। उसे आनन-फानन में सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर कोतवाली से महिला एसआई नेहा राणा, महिला कांस्टेबल प्रियदर्शिनी इंदिरा पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। महिला दरोगा ने परिजनों से घटना की जानकारी ली। इसके बाद शव पोस्टमार्टम को भेजा। कोतवाली एमएस दसौनी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद मौत का सही कारणों का पता चलेगा। पुलिस जांच कर रही है। अभी पुलिस को तहरीर नहीं मिली है। इधर मृतका के भाई ने सास पर हत्या करने का आरोप लगाया है। सास को लेकर मायकें वालों में रोष है।

# कुमाऊं विवि के डीएसबी में दो दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम का आगाज

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर के ए.एन.सिंह प्रेक्षागृह में सोमवार से दो दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम का आगाज हो गया है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी विशिष्ट अतिथियों के द्वारा स्नातक वर्ग में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन एवं मार्गदर्शन किया गया। इस विशेष मौके पर उपस्थित कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत के द्वारा छात्र-छात्राओं को देवभूमि उत्तराखंड की भाषा और सांस्कृतिक परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए उत्साहित किया गया जबकि जिले के पुलिस कप्तान प्रहलाद नारायण मीणा ने छात्र-छात्राओं को पढ़ाई में आगे



बढने् और साइबर क्राइम व किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने को कहा। एसएलएस के मेंबर सेक्रेटरी प्रदीप कुमार मनी द्वारा छात्र-छात्राओं को कानून की महत्ता को समझने और कानून का उल्लंघन ना करने करने की सलाह दी गई,वहीं वन संरक्षक टी. आर. बीजू लाल ने छात्र-छात्राओं से पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनने को कहा जबकि एलुमनाई व डीआईजी (सीआरपीएफ ) एस. डी. पांडे के द्वारा छात्र- छात्राओं को पढ़ाई की महत्ता को समझने और निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर परिसर के डीएसडब्लू प्रो. संजय पंत ने छात्रों को उनके हित में परिसर द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी, उन्हें एंटी रैगिंग के संदर्भ में यूजीसी के नियमों से भी अवगत कराया गया जबकि मुख्य कुलानुशासक प्रो.हरीश चंद्र सिंह बिष्ट ने कुलानुशासक बोर्ड के कार्यों एवम अनुशासन से संबंधित नियमों से छात्रों को अवगत कराया। विवि के मुख्य परीक्षा नियंत्रक डॉ. महेन्द्र सिंह राणा के द्वारा एग्जाम से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी छात्रों को मुहैया कराई गई। इसी क्रम में डीन विजुअल आर्टस प्रो.एम. एस. मावड़ी, डीन एग्रीकल्चर प्रो. जीत राम तथा आईसीसी संयोजक प्रो. सी. एस. रावत तथा केयूआईआईसी के निदेशक प्रो आशीष तिवारी तथा एएनओ लेफ्टीनेंट डॉ. रीतेश साह ने भी महत्वपूर्ण जानकारी छात्रों को प्रदान की। इससे पूर्व अतिथियों ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जबकि डीएसबी परिसर की निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा ने सभी अतिथियों एवम् छात्र छात्राओं का परिसर प्रशासन की ओर से स्वागत किया। इस दौरान विशिष्ट अतिथियों को छात्र हर्षित कुमार द्वारा तैयार रेखाचित्र तथा परिजात का पौधा और शॉल ओढ़ाकर विशेष रुप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफ ल बनाने में प्रो. नीलू लोधियाल, प्रो. सुषमा टम्टा, डॉ. लज्जा भट्ट, डॉ. रीना सिंह, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. निधि वर्मा, डॉ. दीपिका पंत, डॉ. सारिका वर्मा,डॉ. ह्रदयेश कुमार, डॉ ऋचा गिनवाल, डॉ. सरोज, डॉ. आंचल, डॉ. भूमिका प्रसाद, डॉ. मनीषा सांगुड़ी, डॉ.अलंकार महतोलिया तथा डॉ. संध्या यादव आदि गुरुजनों तथा कर्मचारियों व छात्रों अहम योगदान रहा। संचालन कार्यक्रम संयोजक प्रो. गीता तिवारी एवं प्रो. ललित तिवारी के द्वारा संयुक्त रुप से किया गया।

# एसएसपी ने जनपद में कांवड़ यात्रा रूट का किया निरीक्षण

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

देर शाम को एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी कावड़ यात्रा के दृष्टिगत कावड़ यात्रा रूट का निरीक्षण कर अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने कावड़ियों की सुरक्षा और कावड़ यात्रा के दौरान पुख्ता यातायात व्यवस्था बनाए रखने के भी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए । एसएसपी ने कहा कि कांवड़ियों की सुरक्षा में कोई कोताही न हो और यातायात व्यवस्था चाक चौबंद व्यवस्था बनाने व अधिक से अधिक पुलिस बल को तैनात करने को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

कांवड़ यात्रा को लेकर शासन भी गंभीर है। किसी भी प्रकार की घटना न हो। एसएसपी ने कहा कि सभी सीओ अपने अपने क्षेत्रों में ड्यूटी



प्वाइंट भी चैक करते रहे। ड्यूटी के दौरान लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कांवड़ यात्रा सकुशल संपन्न हो, इसकी हम सबकी जिम्मेदारी है। पुलिस कर्मी अपनी ड्यूटी प्वाइंट पर तैनात रहे। एसएसपी ने जिस मार्गो से कांवड़ यात्रा निकल रही है,उन मार्गों का निरीक्षण किया। उन्होंने बाजपुर क्षेत्र भी ड्यूटी प्वाइंट का निरीक्षण किया। वहां सीओ बाजपुर अन्नराम, पीआरओ इंस्पेक्टर धीरेन्द्र कुमार,चौकी प्रभारी सुल्तानपुर पट्टी अर्जुन गिरी गोस्वामी समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# हरियाली तीज का आयोजन

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

अटल भारत सम्मान फाऊंडेशन उत्तराखंड कुमाऊं टीम ने उत्साहपूर्वक हरियाली तीज मनाई। इस मौके पर अटल फाउंडेशन की प्रदेश अध्यक्ष सीमा देवल ने बताया कि इसमें सभी ने विभिन्न तरीकों की प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

डॉ रिद्धिमा गुप्ता तीज क्वीन चुनी गई। द्वितीय स्थान पर श्रुति तिवारी एवं तृतीय स्थान पर बीनू जायसवाल रही।सभी को समिति की ओर से एक-एक पौधा और मेहंदी भेंट स्वरूप दी गई। उन्होंने सभी बहनों को हरियाली तीज की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुये इसके महत्व के बारे में बताया।

कार्यक्रम में सीमा देवल, शालिनी गुप्ता, कुसुम लता केसरवानी, बीनू जायसवाल, डॉ रिद्धिमा गुप्ता, श्वेता गुप्ता, पूनमअग्रवाल, दीपिका अग्रवाल, प्राची अग्रवाल, अंजुला गुप्ता, मंजू प्रदीप देवल, श्रुति तिवारी,मंजू केशरवानी, मालती केसरवानी, नीतू केसरवानी, अर्चनामित्तल, मंजू देवल, दीपा गुप्ता आदि मौजूद रही।



# केदारनाथ यात्रा से सरकार घबरा गई है: नीरज तिवारी




**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा के नेतृत्व में कांग्रेस की केदारनाथ प्रतिष्ठा बचाओ यात्रा रायतौली रुद्रप्रयाग पहुंच गई। कांग्रेस प्रवक्ता नीरज तिवारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि आज इस यात्रा में करण माहरा के साथ पार्टी के दिग्गज नेता जिनमें नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य पुर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत और कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह,पूर्व मंत्री डॉ हरक सिंह रावत,पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा प्रदेश सचिव संगठन गिरीश पपने,नवनीत सती और जिला अध्यक्ष व ब्लॉक प्रमुख प्रदीप थपलियाल,पूर्व विधायक रंजीत रावत, पूर्व विधायक ललित फरस्वान, प्रमुख पार्टी नेता राजपाल बिष्ट, हेमा पुरोहित, मोहित उनियाल युवा कांग्रेस अध्यक्ष सुमित भुल्लर सहित रुद्रप्रयाग जिले में पहुंच गए और अभी इस यात्रा का समापन 3 अगस्त को पवित्र केदारनाथ जी में होगा, नीरज तिवारी ने सरकार पर आरोप लगाया कि सरकार इस यात्रा की जासूसी करवा रही है और केदारनाथ यात्रा से घबरा गई है।

तिवारी ने कहा आध्यात्मिक दृष्टि से सच्चे सनातनी इस यात्रा से प्रफुलित है।और अन्ध वक्त नाखुश। यात्रा सनातन को बचाने की है।इस लिए यात्रा को आम जनमानस से ज़बरदस्त सहयोग मिल रहा है।

### 31 जुलाई को मिदनापुर गदरपुर मेंबहुउद्देशीय शिविर का आयोजन

**रुद्रपुर।** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण योगेन्द्र कुमार सागर ने बताया कि उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशो के क्रम में जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एसिड अटैक के पीड़ितो को विधिक सेवाएं (नालसा योजना-2016) के क्रियान्वयन को 31 जुलाई को सुबह 9 बजे से सांय 3 बजे तक राजकीय प्राथमिक विद्यालय मिदनापुर (चक्की मोड) गदरपुर में जागरूकता कार्यक्रम हेतु बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया जायेगा।

# डीएम ने कलेक्ट्रेट परिसर में नवनिर्मित आक्सीजन पार्क का किया उद्घाटन

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

सोमवार को जिलाधिकारी उदय राज सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर में नवनिर्मित ऑक्सीजन पार्क का उदघाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आमजन को शुद्ध वातावरण उपलब्ध कराने हेतु सरकार एवं प्रशासन प्रतिबद्ध है। जिसके अन्तर्गत कलेक्ट्रेट परिसर में बड़े, छायादार एवं अधिक ऑक्सीजन देने वाले वृक्ष लगाये जा रहें है। उन्होंने कहा कि इस परिसर में पहले जगंल-झाड़ियां थी, जिसे अन्य जिलों के लिए भी एक मॉडल के रूप में विकसित किया जा रहा है। कलेक्ट्रेट में आने वाले लोगों के बैठने के लिए छायादार स्थान मिल सकेगा। जिसमें वे नैसर्गिक सौन्दर्य का आनन्द के साथ शुद्ध हवा भी ले सकेंगे।

उन्होंने कहा कि इस ऑक्सीजन पार्क का लाभ क्षेत्रवासियों को मिलेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि जिला विकास प्राधिकरण के सहयोग से भविष्य में रूद्रपुर के गांधी पार्क, सिंचाई विभाग परिसर में एवं किच्छा रोड पहाडगंज मे ग्रीन स्पेस के रूप में विकसित किये जायेंगे, जहां क्षेत्र की जनता अपने परिवार के साथ सुबह-शाम शुद्ध वातावरण में भ्रमण कर सकेंगे। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि अपने-अपने आस-पास खाली स्थानों में फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण अवश्य करें। इस अवसर पर निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह, उपाध्यक्ष जिला विकास प्राधिकरण अभिषेक रोहेला, एडीएम अशोक कुमार जोशी, ओसी गौरव पांडे, डॉ अमृता शर्मा, एसडीएम मनीष बिष्ट, जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी उमा शंकर नेगी सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# झारखंड से एक माह पहले लापता किशोर उत्तराखंड में मिला

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

जनपद में एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी के निर्देशानुसार चलाए जा रहे गुमशुदा बच्चों की तलाश के दौरान एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने झारखंड से लापता किशोर को सकुशल बरामद कर लिया और परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

बच्चा मिलने पर परिजनों के चेहरों पर मुस्कान लौट आई। प्रभारी निरीक्षक जीतो कंबोज एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के मुताबिक 8 जुलाई 2024 को आयुष कुमार गुमशुदा बच्चे की जांच एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट को जांच मिली थी। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने 8 वर्षीय आयुष कुमार पुत्र विक्की महतो निवासी तीन पानी पहाड़ नीचे टोला थाना तीन पानी



पहाड़ नीचे टोला जिला साहिबगंज झारखंड से एक माह पहले गायब हो गया। उस बच्चे का पता लगाया गया। बच्चे ने बताए गए स्थानों का बच्चे को भ्रमण कराया गया। बच्चे ने स्थान पहचान लिया। उसे वर्तमान समय में समर्पण खुला बाल आश्रम गृह आवास विकास कॉलोनी में रखा गया था। बच्चे के परिजनों की जानकारी जुटाई गई। उन्होंने बताया कि 29 जुलाई 24 को बच्चे को उसकी दादी व मां,बाप पहुंचे। बच्चे को परिजनों के सुपुर्द कर

**बरामदगी**

- **जिले की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने सकुशल किशोर को बरामद कर परिजनों के चेहरों पर मुस्कान लौटाई**

दिया। बच्चा सकुशल मिलने पर परिवार के लोगों के चेहरों पर मुस्कान लौट आई। बच्चे के परिजनों ने

एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट का आभार जताया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि इस बच्चे का कुछ दिन पहले जन्म दिन भी बड़े धूमधाम से मनाया गया था। टीम में प्रभारी निरीक्षक के अलावा कांस्टेबल राकेश खेतवाल, महिला कांस्टेबल प्रियंका कोरंगा,ममता मेहरा, प्रियंका आर्य आदि शामिल रहे।